# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट-हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442 001 (महाराष्ट्र), भारत

**फोन नं. :** 07152-255686, **फैक्स नं. :** 07152-230903, **वेबसाइट :** www.hindivishwa.org


ज्ञान शान्ति मैत्री

निम्नानुसार संबंधित वस्तुओं के निर्माताओं/उत्पादकों/पूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय में निम्नांकित वस्तुओं की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय के भंडार एवं क्रय विभाग में अपना लिखित में पंजीयन (Registration) दिनांक 31.03.2016 तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10.30 बजे से शाम 05.30 बजे तक स्वयं अथवा सिर्फ स्पीड-पोस्ट डाक से करवाना सुनिश्चित करे:

1. कुर्सी टेबल, सोफा, रैक, स्टील अलमारी, पुस्तकालय एवं छात्रावास फर्नीचर क्रय तथा पार्टिशन कार्य आदि।
2. कम्प्यूटर व उससे संबंधित सॉफ्टवेअर, प्रोजेक्टर, कैमरा, साउंड सिस्टम, प्रिंटर, स्कैनर, फोटोकापीयर, काट्रेज, खेल तथा व्यायाम से संबंधित सामग्री/उपकरण क्रय तथा ए.एम.सी. करने हेतु।
3. ए.सी., वाटर कूलर, यू.पी.एस., यू.पी.एस.बैटरी, इन्वर्टर, फ्रिज, टी.वी., कूलर, पंखे व अन्य बिजली के उपकरण क्रय तथा ए.एम.सी. करने हेतु।
4. लेखन, प्रिंटिंग तथा साफ-सफाई आदि से संबंधित कार्यालयीन उपयोग में आने वाली सामग्री।

पंजीयन उन्हीं पूर्तिकर्ताओं का वैध होगा जिनके पास VAT No., TIN No, Sale TAX No. व PAN No. उपलब्ध होगा। विश्विविद्यालय की आवश्यकतानुसार निविदा, रजिस्टर्ड फर्मों को ही, उनकी पंजीयन की वैधता अवधि तक भेजी जाएगी। पूर्व में पंजीकृत संस्थाओं को पंजीयन का नवीनीकरण करना आवश्यक है, अन्यथा उनका पंजीयन अमान्य/रद्द समझा जाएगा।

पंजीयन प्रारम्भ में 1 वर्ष तक मान्य होगा। संतोषजनक सेवाओं के आलोक में इसे 3 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। कृपया अपने प्रोफाइल तथा उसमें विशेषकर सरकारी संस्थाओं को दी जा रही संतोषजनक सेवाओं से भी अवगत कराएं। दिनांक 31.03.2016 के बाद डाक अथवा अन्य किसी कारण से देरी से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कुलसचिव